संख्या : 39/2015/655/छप्पन-2015-43/15

प्रेषक,

एस0के0 रघुवंशी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 25 मई, 2015

विषय :राजकीय अगुस्ता हेलीकॉप्टर- वी0टी0-यू0पी0एल0 के अनुरक्षण कार्य हेतु Red Servo Actuator, Yello Servo Actuator, Blue Servo Actuator, Q Servo cylinder Assy-Hyd. मात्रा एक-एक को एक्सचेन्ज के आधार पर तथा इसमें प्रयुक्त होने वाले स्पेयर Shim Laminated क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 91/ना0उ0नि0/इंजी/ए-2-15(पी), दिनांक 27-4-2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय अगुस्ता हेलीकॉप्टर- वी0टी0-यू0पी0एल0 को निरन्तर उड़ान योग्य बनाये रखने के लिये मैसर्स अगुस्ता वैस्टलैण्ड, इटली से निम्न अंकित क्रमांक-1 से 4 तक के पुर्जों को एक्सचेन्ज के आधार पर क्रय करने तथा क्रमांक-5 पर अंकित 10 स्पेयर Shim Laminated क्रय किये जाने है :-

Sl.No.	Description	Part No.	Qty.	Unit Price USD	Total Price USD
1	**Red Servo Actuator (On Exchange)**	**109-0110-42-134**	**01**	**31,580.83**	**31,580.83**
2	**Yellow Servo Actuator (On Exchange)**	**109-0110-42-135**	**01**	**31,580.83**	**31,580.83**
3	**Blue Servo Actuator (On Exchange)**	**109-0110-42-136**	**01**	**31,580.83**	**31,580.83**
4	**Servo Cylinder Assy.Hyd. (On Exchange)**	**109-0040-51-103**	**01**	**12,686.13**	**12,686.13**
5	**Shim Laminated**	**A864A0673E015B**	**10**	**5.28**	**52.80**
				Total US Dollars	**1,07,481.42**

उपरोक्त पुर्जों की आपूर्ति हेतु निर्माता फर्म मैसर्स अगुस्ता वैस्टलैण्ड, इटली से कोटेशन प्राप्त किया गया है। प्राप्त कोटेशन आफर संख्या- 70531 दिनांक 9-4-2015 के अनुसार इंगित पुर्जो का कुल मूल्य यू0एस0 डॉलर 1,07,481-42 मात्र है, जो भारतीय मुद्रा में रूपये 65-00 प्रति यू0एस0 डालर की विनिमय दर से (बैंक चार्जेज सहित) रूपये 69,86,292-00 अर्थात राउण्ड आफ रूपये 69,86,290-00 (रूपये उनसठ लाख छियासी हजार दो सौ नब्बे मात्र) होता है, का भुगतान फर्म को अग्रिम किया जाना है, का व्यय निहित है। अतः राज्यपाल महोदय राजकीय अगुस्ता हेलीकॉप्टर- वी0टी0-यू0पी0एल0 के इंगित पुर्जों को निर्माता कम्पनी से प्राप्त प्रोफार्मा इन्वाइस के आधार पर यू0एस0 डालर 1,07,481-42 जो भारतीय मुद्रा में रूपये 65-00 प्रति यू0एस0 डालर की विनिमय दर से (बैंक चार्जेज सहित) रूपये 69,86,290-00 (रूपये उनसठ लाख छियासी हजार दो सौ नब्बे मात्र) होता है, के व्यय एवं फर्म को अग्रिम भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान करते हैं।

---2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

2- उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान अग्रिम के रूप में निर्माता कम्पनी को वायरट्रांसफर के माध्यम से किया जायेगा।

3- निर्माता फर्म को हेलीकॉप्टर से निकाले गये यूनिट वापस भेजे जाने पर पुर्जों (क्र0सं0-1 से 04) का कोर वैल्यू यू0एस0 डालर 27350-00 मात्र फर्म द्वारा क्रेडिट मेमों के रूप में वापस किया जायेगा। इस प्राप्त धनराशि का समायोजन तत्काल कर लिया जाय या राजकोष में जमा कर लिया जाय तथा इसकी सूचना शासन को दी जाय।

4- स्वीकृत धनराशि का आहरण वित्त (लेखा) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-ए-1-2774/दस-15-1(1)/69, दिनांक 25-10-1983 एवं संख्या-ए-1-235/दस-2011-1(1)/69, दिनांक 10-06-2011 में निहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा।

5- उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान फर्म को तत्कालीन विनिमय दर से करने के पश्चात अधिशेष धनराशि मार्जिन मनी एकाउण्ट में जमा की जायेगी। आहरण/समायोजन में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या क्षति होती है, तो उसके लिए निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

6- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या- 38 के अधीन लेखा शीर्षक - 2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्तर-114-वाहन का क्रय तथा रख रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय की मानक मद-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त (लेखा) अनुभाग-1 के अशा0 संख्या- एफ0ए0-1-164/दस-2015, दिनांक 25 मई, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

पृ0सं0 : 39/2015/655(1)/छप्पन-2015-तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठा तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/ वित्त (लेखा) अनुभाग-1/2
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कृष्ण चन्द्र राय शर्मा)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in